भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 319

03 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन में गिरावट

319. सुश्री सरोज पाण्डेयः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोरोना वैश्विक महामारी अवधि के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र में विगत वर्ष की तुलना में इस्पात के उत्पादन में कितनी कमी की जानकारी मिली है और इस कारणवश हो रही राजस्व हानि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस संयंत्र में इस्पात उत्पादन की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): प्रथम तिमाही में उत्पादन महामारी का प्रकोप होने के कारण लॉकडाउन लगाए जाने से प्रभावित हुआ किंतु अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे खोले जाने से भिलाई इस्पात संयंत्र ने तीसरी तिमाही के दौरान कोविड-पूर्व स्तरों की मात्रा से आगे निकलते हुए निष्पादन का उन्नयन किया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन और राजस्व का ब्यौरा विगत वर्ष की तत्संबंधी अवधि की तुलना में निम्नानुसार है:

	पहली तिमाही 19-20	पहली तिमाही 20-21	दूसरी तिमाही 19-20	दूसरी तिमाही 20-21	तीसरी तिमाही 19-20	तीसरी तिमाही 20-21
उत्पादन (हजार टन में)	1092	687	1067	1012	1125	1221
राजस्व (करोड़ रुपये में)	3968	3046	4592	4413	5211	5485

****